हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

02 सुहागिनों ने रखा निर्जला उपवास, चांद के दर्शन ...



04 नवापारा का मुक्तिधाम बना प्रेरणास्रोत, हाई कोर्ट ...





**आवश्यकता है**
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
- सेल्समैन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा
**काका होजियरी**
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर रिकेश शामिल होंगे कई कार्यक्रमों में

**राजिम।** 12 अक्टूबर रविवार को राजिम भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू का जन्मदिवस है। जन्मदिवस के अवसर पर श्री साहू नगर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जन्मदिन की शुरूआत सुबह भगवान श्री राजीव लोचन का दर्शन से करेंगे। मंदिर से आने के बाद पौधारोपण और रक्तदान का कार्यक्रम भी रखा गया है। श्री साहू अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरण करेंगे। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक समर्थको द्वारा आयोजित साहू छात्रावास के कार्यक्रम में शामिल होंगे, केक काटेंगे।



### बड़ी प्रजाति का उल्लू उदंती के जंगल में कैमरे में हुआ कैद

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व जहां एक ओर राजकीय पशु वनभैंसो के नाम से जाना जाता है। वहीं यहां कई दुर्लभ जीवजंतु भी पाये जाते हैं। उदंती सीतानदी टाइगर रिवर्ज के कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी इलाके में भारत के सबसे बड़े प्रजाति का उल्लू का तस्वीर कैमरे में कैद हुआ है। यह ढाई फीट उंचा और 2 से 4 किलो वजनी होता है। इस तस्वीर को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने उपलब्ध कराया है।



### जिला अध्यक्ष चुनाव आज

**छुरा।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रत्येक ब्लॉक में पर्यवेक्षक पहुंच रहे हैं। इसी संबंध में 12अक्टूबर, सुबह 11:00 बजे स्थानीय विश्राम में कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रिहाना रियाज पूर्व मंत्री राजस्थान पहुंचेंगे। कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष के संबंध में राय लेंगे। अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए अपने मत प्रेक्षक के सामने अवश्य रखें।

### नहर किनारे मिली लाश पुलिस विवेचना जारी

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र आमनेर गांव के 1 किमी पहले नहर किनारे एक छोटे से डबरी मे अज्ञात व्यक्ति की शव को सुबह खेत मे काम करने वाले मजदूरो ने देखा जिसकी सूचना अभनपुर थाना को ▶▶| शेष पेज 02 पर

### जर्जर भवन की मरम्मत के लिए 1.49 लाख की राशि मंजूर, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं

# स्कूल भवन पर टेंट हाउस का कब्जा, मरम्मत कार्य साल भर से अटका, 34 बच्चों की पाठशाला पेड़ के नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- एक कमरे में चार कक्षाएं और दफ्तर

शिक्षा के प्रति प्रशासनिक संवेदनशीलता की कमी का एक जीता-जागता उदाहरण मैनपुर में सामने आया है, जहां नवागांव प्राथमिक शाला का मुख्य भवन पिछले एक साल से एक टेंट हाउस संचालक के अवैध कब्जे में है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस जर्जर भवन की मरम्मत के लिए 1.49 लाख की राशि मंजूर हुए भी एक साल हो चुका है, लेकिन कब्जे के कारण शाला प्रबंधन मरम्मत कार्य शुरू नहीं करा पा रहा है, जिससे यह राशि लैप्स होने के कगार पर है। स्कूल की प्रधान पाठक जयंती बघेल ने बताया कि गांव के वीणा टेंट संचालक नरेश नागेश ने स्कूल भवन पर अपनी सामग्री रखकर कब्जा कर लिया है। स्कूल में कुल 34 बच्चों की दर्ज संख्या है, जिन्हें एक छोटे से अतिरिक्त कमरे में ठूंस कर पढ़ाया जा रहा है। इसी छोटे से कमरे में चार कक्षाएं और स्कूल का दफ्तर भी संचालित होता है। कक्षा 5 के बच्चों की पढ़ाई बरामदे में मौजूद बरगद के पेड़ के नीचे लगाई जाती है। बारिश या खराब मौसम होने पर सभी 34 बच्चों को मजबूरन उसी एक कमरे में समायोजित करना पड़ता है।









### अधिकारी बेखबर, पंचायत मौन

प्रधान पाठक जयंती बघेल ने बताया कि उन्होंने मौखिक रूप से टेंट हाउस संचालक को कई बार सामान हटाने को कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। स्कूल प्रबंधन की ओर से ग्राम सरपंच से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक को लगातार पत्राचार किया गया, जिसमें हर बार मरम्मत कार्य शुरू न होने का कारण 'भवन पर कब्जा' दर्शाया गया, लेकिन बड़े अधिकारियों ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्राम पंचायत का रवैया भी इस कब्जे पर मौन है। शाला प्रबंधन का आरोप है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि शायद यह सोच रहे हैं कि भवन पर कब्जा बने रहने से नए स्कूल भवन की मंजूरी मिल जाएगी, इसलिए वे भी कब्जा हटाने में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

### ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

रिटायर्ड प्रधान पाठक अर्जुन ठाकुर ने इस घटना को 'शिक्षा के प्रति प्रशासनिक संवेदनशीलता कम होने' का उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सीमित अधिकार दिए जाते हैं, जिससे वे संस्थान के हित में कठोर आवाज नहीं उठा पाते। मामले की जानकारी मिलने पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवभोग, योगेश पटेल ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, ग्राम सरपंच से संपर्क कर तीन दिन के भीतर भवन खाली कराने को कहा गया है। अगर भवन खाली नहीं होता है, तो पुलिस की मदद ली जाएगी। भवन खाली होने के तुरंत बाद मरम्मत कार्य कराया जाएगा। बहरहाल, छात्र हित को ध्यान में रखते हुए अब देखना होगा कि प्रशासन तीन दिन के भीतर इस अवैध कब्जे को हटाकर बच्चों को उनका स्कूल भवन कब वापस दिला पाता है।

# जिला पुलिस ने 200 ठिकानों पर दी दबिश, गांजा व शराब के साथ 27 आरोपी गिरफ्तार

**खास बातें**
- कार्रवाई : अवैध गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की
- गरियाबंद पुलिस का बड़ा एक्शन : 'ऑपरेशन निश्चय' में 200 ठिकानों पर दबिश, 35 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 27 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन में गरियाबंद जिले में शनिवार तड़के सुबह 5 बजे से बड़े पैमाने पर ऑपरेशन निश्चय चलाया गया। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस की 40 टीमों ने 200 से अधिक संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। अभियान के दौरान पुलिस ने नशे और अवैध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 05 आरोपियों को गांजा बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 4.980 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसी तरह अवैध शराब बिक्री करने वाले 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 275.280 लीटर शराब जप्त की गई है। इसके अलावा अभियान के दौरान 02 मामलों में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई, 06 स्थायी वारंटियों की तामिली और 35 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि जिले में असामाजिक और अवैध गतिविधियों में लिप्त तत्वों के खिलाफ यह सघन अभियान लगातार जारी रहेगा। ऑपरेशन निश्चय का उद्देश्य जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

- संदिग्ध ठिकानों पर एक साथ दी दबिश
- 40 पुलिस टीमों ने दी 200 स्थानों पर दबिश
- 05 आरोपी गांजा बिक्री में गिरफ्तार, 4.980 किलो गांजा जब्त
- 22 आरोपी अवैध शराब बिक्री में गिरफ्तार, 275.280 लीटर शराब जब्त
- 2 आर्म्स एक्ट कार्रवाई, 06 स्थायी वारंटी तामिल
- 35 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

# भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल बंद करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध मुख्य रूप से प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किए जाने एवं बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि को लेकर किया गया।कार्यक्रम के तहत कांग्रेसजनों ने स्थानीय विद्युत विभाग कार्यालय के समक्ष एकत्र होकर नारेबाजी की और भाजपा सरकार की नीतियों को आम जनता के खिलाफ बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना लागू कर आम जनता को बड़ी राहत दी थी। लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस जनहितकारी योजना को बंद कर दिया है, जिससे प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अब तीन से चार गुना अधिक बिल भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर राज्य है और यहां पर्याप्त मात्रा में बिजली का उत्पादन होता है। बावजूद इसके, भाजपा सरकार प्रदेश की बिजली को अन्य राज्यों में बेच रही है और अपने ही राज्य के नागरिकों पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। यह जनता के साथ अन्याय ▶▶| शेष पेज 02 पर



### छात्रों ने किया थाना का भ्रमण पुलिस कार्यप्रणाली से हुए रूबरू

**मैनपुर।** ज्ञान और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित थाना का शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मैनपुर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने छात्रों को पुलिस स्टेशन के कामकाज और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका ▶▶| शेष पेज 02 पर



# बीड़ी नहीं देने पर हुए विवाद में की थी युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र ग्राम गातापार के युवक सोनू पाल का बीड़ी मांगने की मामूली बात पर हुये विवाद को लेकर हत्या कर आमनेर स्थित गोड़ा नाला मे 10 अक्टूबर को फेक दिया गया था,खेत मे काम क रने गये ग्रामीणो की सूचना पर पहुंची अभनपुर पुलिस,एंटी क्राईम व साइबर यूनिट संयुक्त टीम उक्त व्यक्ति का शव तैरते हुये पानी से बाहर निकाला गया मृतक के चेहरे व सिर मे गंभीर चोट के निशान होने के साथ ही बदन मे भी चोट के निशान देखा गया प्रथम दृष्ट्रया ही उक्त व्यक्ति की हत्या होना प्रतीक हो रहा था मर्ग कायम कर जांच के दौरान अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर इस अंधे कत्ल की घटना के आरोपियो को महज 12 घंटे मे ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शराब का लालच देकर अपने साथ ले गए

पूछताछ मे आरोपी सुमीत बांधे,अजय रात्रे एवं गुलशन गायकवाड़ ने बताया कि अभनपुर स्थित शराब दुकान के आहाते मे शराब पी रहे थे वही पर मृतक सोनू पाल उनके बगल मे बैठकर शराब पी रहा था इसी दौरान सोनू पाल ने आरोपियो से बीड़ी मांगा,बीड़ी नही है कहने पर मामूली विवाद हुआ तथा तीनो आरोपियो ने सोनू पाल को और शराब पिलाने का लालच देकर मोटरसायकल मे बैठाकर घटना स्थल आमनेर पुल के पास ले जाकर मारपीट कर हाथ मे पहने कड़ा से सिर व चेहरे पर गहरी चोट पहुंचाने के बाद पत्थर से सिर मे गंभीर चोट पहुंचा कर उसकी हत्या कर दिया तथा नहर के किनारे शव को छोटे से नाला मे फेक कर फरार हो गये घटना के आरोपी सुमीत बांधे पिता मुरलीधर बांधे उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम आमनेर,अजय रात्रे पिता परमेश्वर रात्रे उम्र 24 ▶▶| शेष पेज 02 पर




### पुलिस की सर्च टीम ने किया बरामद, बड़ा नक्सली षड्यंत्र विफल

# रक्सापथरा के जंगल से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

जिले में एक बड़ी नक्सली साजिश को सुरक्षाबलों ने विफल कर दिया है। थाना शोभा के अंतर्गत ग्राम रक्सापथरा के जंगल क्षेत्र से शनिवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली सामान बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह विस्फोटक सामग्री जिले में सक्रिय माओवादी संगठन उदंती एरिया कमेटी के सदस्यों द्वारा पुलिस पार्टी और स्थानीय ग्रामीणों को निशाना बनाने के उद्देश्य से दबाई गई थी। जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण में स्थित रक्सापथरा के जंगल में स्थानीय खुफिया सूचना के आधार पर शनिवार को एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में ऑपरेशन समूह (ई-30), जिला पुलिस बल, डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) एवं 65वीं बटालियन सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) की टीम शामिल थी। सघन तलाशी के दौरान, सुरक्षाबलों को एक पेड़ की जड़ों के नीचे छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री का जखीरा मिला।



### बरामद सामग्री

नग डेटोनेटर, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट विभिन्न प्रकार के टेबल सेट, बैटरी, और तारें, बैंडेज, दवाइयां और नक्सलियों के उपयोग की अन्य वस्तुएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि समय रहते खुफिया सूचना मिलने और संयुक्त टीम की सफल कार्रवाई से माओवादियों की एक बड़ी घटना को टाल दिया गया है। बरामद की गई पूरी सामग्री को मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा और शांति का माहौल बनाए रखने के लिए इस तरह के सर्च ऑपरेशन और खुफिया आधारित कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सफल अभियान में ई-30 टीम,डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई की सराहना की गई है।

**खबर संक्षेप**

## सहसपुर में पोषण माह का शुभारंभ



**कोपरा।** ग्राम सहसपुर गुरुवार को पोषण माह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं और छोटे बच्चे मौजूद रहे। अनेक प्रकार से पोषण से जुड़ी हुई चीजों को उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया। इस दौरान सरपंच लता नरशु ध्रुव, उपसरपंच - विद्दया बाई साहू, जनपद सदस्य गोदावरी साहू, परियोजना अधिकारी जितेंद्र साओ सर महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी,पंच चमन बाई साहू, रेखा बाई साहू, ओम बाई साहू, स्वस्थ कार्यकर्ता सोमप्रकाश वर्मा मितानिन, सेक्टर पर्यवेक्षक, हेमलता साहू, ओमेश्वरी साहू, मति मिनाक्षी नेताम, आंगबाडी कार्यकर्ता कृति साहू, मोहनी ध्रुव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## विश्व दृष्टि दिवस पर किया नेत्र जांच शिविर



**अभनपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर द्वारा जारी निर्देश के अनुसार नेत्र जांच शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा मे विश्व दृष्टि दिवस पर विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई। नेत्र सहायक अधिकारी रोशन साहू ने विस्तारपूर्वक जानकारी देते कहा कि आज के युग में मोबाइल और स्क्रीन का अधिक उपयोग आंखों पर सबसे ज्यादा असर डालता है यदि हम थोड़ी सावधानी बरतें, जैसे हर 20 मिनट बाद कुछ सेकंड के लिए आंखों को आराम देना, पौष्टिक आहार लेना और नियमित नेत्र जांच कराना, तो हम अपनी दृष्टि को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते है। इस मौके पर बीएमओ भारतभूषण कोसरिया,आरएमए डीएस नेताम,गीतू दास,भावना उइके,रोशन साहू,प्राचार्य सोमा बनिक,पूर्णिमा साहू,ऋ ति साहू,ज्योति सिंह चौहान,संतोष सेन,इतेश वर्मा व पीएचसी व स्कूल स्टॉफ सहित छात्र छात्राऐ उपस्थित रहे।

# छात्रों ने प्रतियोगिताओं में दिखाया वन्यजीव संरक्षण के प्रति उत्साह

**छात्रें ने चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी, क्विज प्रतियोगिता में लिया उत्साहपूर्वक भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह (02–08 अक्टूबर) के अवसर पर फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय में संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा के निर्देशन तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवादास बंजारे के सानिध्य में प्राणीशास्त्र विभाग के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विज्ञान संकाय के संकायप्रभारी रितेश गोलछा के द्वारा उद्घाटन भाषण से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक एवं पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण अंग हैं। प्राणीशास्त्र विभाग की अतिथि सहायक प्राध्यापक सुश्री उर्वशी चंद्राकर ने इस कार्यक्रम का संचालन किया साथ ही छात्र-छात्रों को बताया की वन्यजीव हमारे जंगलों में रहने वाले जीव-जंतु, पक्षी, कीट-पतंगे और अन्य प्राणी प्रकृति के संतुलन का अभिन्न हिस्सा हैं। यदि ये जीव समाप्त हो जाएँ, तो प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाएगा और अंततः मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। इसलिए हमें इनके संरक्षण के प्रति सजग रहना चाहिए। सप्ताह के दौरान छात्रें ने चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी, क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता सीबीटी मोड में लिया जिसमे लगभग सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमे हमारे छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु एवं पक्षी साथ ही अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में समान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए थे।

### स्पर्धा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं का निर्णय महाविद्यालय के अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक कमलेश्वर प्रसाद निषाद, राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक तीरथ राम कपूर, डॉ. मोहन सिंह, दविंदर कौर के द्वारा किया गया। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में साक्षी प्रथम, कल्याण द्वितीय एवं ओमकुमारी तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में कल्याण प्रथम, पूजा द्वितीय एवं ओमकुमारी तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला में सीता साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण डॉ. अलका कौशिक, देवेंद्र कुमार पटेल सतप्रीत सिंह गुरुदत्त, देवश्री कुर्रे, भूलेश्वरी साहू, ममता देवांगन एवं भावना मनहरे उपस्थित थे।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संस्था प्रमुख डॉ. सविता मिश्रा ने सभी प्राध्यापकगणों एवं छात्र- छात्रओं को शुभकामनाएं दी।




**करवा चौथ:** हर घर में दिखा आस्था और प्रेम का अद्भुत संगम, गूंज उठीं मंगलध्वनियां

# सुहागिनों ने रखा निर्जला उपवास, चांद के दर्शन संग छलनी से देखा अपने जीवनसाथी का चेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद नगर में शुक्रवार की रात करवा चौथ का पावन पर्व पूरे श्रद्धा, उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। रात लगभग 9:30 बजे जैसे ही आसमान में चांद ने दर्शन दिए, शहर के हर घर में पूजा की थालियां सजीं। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए छलनी से चंद्रमा के दर्शन किए और इसके बाद अपने पतियों के हाथों से जल ग्रहण कर अपना व्रत खोला। इस अवसर पर पूरे नगर में आस्था और सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ सुहागिनों ने पारंपरिक परिधानों में सोलह श्रृंगार कर पूजा की।





### विश्वास और समर्पण का प्रतीक

इसी कड़ी में, वार्ड क्रमांक 15 निवासी गृहणी वर्षा तिवारी ने अपने पूरे परिवार के साथ विधि-विधान से करवा चौथ मनाया। वर्षा तिवारी ने बताया, /"यह व्रत न केवल पति की लंबी उम्र के लिए होता है, बल्कि यह विश्वास और समर्पण का प्रतीक भी है। सालों से हम पूरे परिवार के साथ इसे परंपरा की तरह निभाते आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सुबह सरगी ग्रहण करने के बाद पूरे दिन निर्जला उपवास रखा गया। जैसे ही चांद निकला, छलनी से चंद्र दर्शन कर पति के हाथों जल ग्रहण किया यह पल हर साल की तरह आज भी भावनाओं से भरा हुआ था।

### चांद को देखकर तोड़ा करवा चौथ का व्रत

**नवापारा-राजिम।** अपने पति की लंबी आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना लिए सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। रात्रि में चंद्रमा का दर्शन कर छलनी में अपने पति की झलक देखकर उनके हाथों से पानी पीकर अपना व्रत तोड़ा।





### अखंड सौभाग्य की पौराणिक कथा

परिवार की बुजुर्ग महिला श्यामकली तिवारी ने इस अवसर पर करवा चौथ की पौराणिक कथा सुनाते हुए व्रत की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि इस व्रत की महिमा इतनी अद्भुत है कि जो भी महिला इसे पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा से करती है, उसे अखंड सौभाग्य का वरदान मिलता है। करवा चौथ का व्रत सिर्फ चंद्रदर्शन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्त्री के प्रेम, त्याग और आस्था का जीवंत उदाहरण है।

### व्रत कथा का सार

श्यामकली तिवारी ने करवा चौथ की पौराणिक कथा भी सुनाई, जिसमें एक साहुकार की पुत्री ने चंद्रोदय से पूर्व ही अन्न-जल ग्रहण कर लिया था, जिससे उसके पति की मृत्यु हो गई थी। दैवयोग से वहां से गुजर रहीं इन्द्राणी ने उसे 12 माह की चौथ सहित विधिवत करवा चौथ का व्रत करने की सलाह दी। कन्या द्वारा पूर्ण निष्ठा से व्रत करने के प्रभाव से उसका मृत पति जीवित हो उठा। यह कथा बताती है कि जो भी महिला करवा चौथ का व्रत विधि विधान रखती है, उसके पति को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। करवा चौथ के अवसर पर घरों में मंगल गीत गूंजे और चांद की पहली किरण के साथ हर चेहरे पर विश्वास और प्रेम की रोशनी खिल उठी।

# परसदाकला व सिरींखुर्द का सामाजिक अंकेक्षण शैक्षणिक स्तर संतोषजनक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला परसदाकला और प्राथमिक शाला सिरींखुर्द में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के तहत दोनों विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। अंकेक्षण के दौरान, दल ने विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति और पठन-पाठन व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। टीम को विद्यालयों की स्थिति संतोषजनक मिली। विद्यार्थियों से उनकी कक्षा के अनुरूप प्रश्न पूछे गए, जिसका उत्तर बच्चों ने आत्मविश्वास और उत्साह के साथ दिया। बच्चों के ज्ञान और व्यवहार से सभी आकलनकर्ता प्रभावित हुए।

### अंकेक्षण में शामिल सदस्य

परसदाकला थानेश्वरी साहू प्रधानपाठक गनियारी, गणेश साहू सरपंच परसदाकला, राकेश कुमार पांडे प्रधान पाठक परसदाकला, मेनका ध्रुव, धनसाय पटेल। सिरींखुर्द सरिता गायकवाड़ प्रधान पाठक कुंडेल, देवेंद्र वर्मा सरपंच सिरींखुर्द, भूखन लाल वर्मा शिक्षाविद्, खोमन सिन्हा राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक। अंकेक्षण दल ने विद्यालय परिवार की समर्पण भावना और शैक्षणिक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनाए रखने का आह्वान किया।

### न्योताभोज और मां के नाम एक पेड़ का आयोजन

परसदाकला के शासकीय प्राथमिक शाला (भाटापारा) में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम के साथ ही दो विशेष कार्यक्रम भी संपन्न हुए। इस अवसर पर परसदाकला के सरपंच गणेश साहू ने अपनी सुपुत्री और स्कूल की छात्रा सिमरन साहू के जन्मदिन पर स्कूल में न्योताभोज का आयोजन किया।

# एक लाख सीड बॉल महाअभियान, छात्रों ने मालगांव पहुंचकर दिया हरियाली का संदेश

**राजिम।** एक लाख सीड बाल महाअभियान के तहत शासकीय पं. रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजिम के मिशन लाइफ इको क्लब, एनसीसी और साइंस क्लब के छात्र-छात्राएं जिले के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में जाकर हरियाली का संदेश फैला रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों ने मालगांव स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सीड बाल वितरित किए और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। अभियान के संयोजक डीआरजी इको क्लब के सागर शर्मा और मिशन लाइफ इको एवं यूथ क्लब की प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में छात्रों ने कक्षाओं में जाकर बच्चों को सीड बॉल से संबंधित जानकारी दी और धरती को हरा-भरा बनाने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्य निशा पचबिये ने बच्चों के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज की



पीढ़ी केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि पर्यावरण जैसे संवेदनशील विषयों में भी जागरूकता की मिसाल बन रही है। व्याख्याता शिल्पा गोस्वामी, संध्या साहू, आभा साहू ,हेमा साहू ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास केवल बीज बांटने का नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति चेतना बोने का कार्य है। इस अवसर पर एडीपीओ बुद्ध विलास सिंह ने इस अभियान को प्रेरणादायक और अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना पैदा करती हैं। जब विद्यार्थी खुद हरियाली के दूत बनते हैं, तो पूरा समाज उनसे प्रेरणा लेता है। ये बच्चे समाज में हरियाली की सोच बो रहे हैं, जो आने वाले कल की हरित धरोहर बनेगी। आयोजन में जिला नोडल विज्ञान ज्ञानेंद्र शर्मा, व्याख्याता सतीश मालवीय, मीनाक्षी शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

पेज 3 के शेष...

### भाजपा सरकार द्वारा...

है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ही हाफ बिजली बिल योजना को पुनः लागू नहीं करती और उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की छूट प्रदान नहीं की जाती, तो कांग्रेस आंदोलन को और अधिक उग्र रूप देगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बाल मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माहेश्वरी शाह, राजकुमारी सोनी, मंजू ध्रुव, मक्कू दीक्षित, समद खान रिजवी, नीलकंठ ठाकुर, रमेश शर्मा, सलीम मेमन, नियाज अहमद, हरीश यादव, देव सिंह नेताम, पंच राम टंडन, गोपाल दिवाकर, गोपी यादव, भानु भारद्वाज एवं चमन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेसजनों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए हाफ बिजली बिल योजना को तत्काल पुनः प्रारंभ करने एवं प्रदेश की जनता को राहत देने की मांग की।

### छात्रों ने किया...

के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। छात्रों को थाने के विभिन्न हिस्सों जैसे कि लॉक-अप, रिकॉर्ड रूम और वायरलेस कम्युनिकेशन सिस्टम का अवलोकन कराया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों को अपराध नियंत्रण, सुरक्षा के नियम और आपातकालीन स्थितियों में पुलिस से संपर्क करने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से देखकर और सीधे संवाद स्थापित कर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को पुलिस और कानून के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिली।

### शराब का लालच...

वर्ष निवासी आमनेर,गुलशन गायकवाड़ पिता जग्गू गायकवाड़ उम्र 26 वर्ष निवासी हटकेश्वर जिला धमतरी हाल पता ग्राम आमनेर को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### नहर किनारे मिली...

दी गई,जहां अभनपुर पुलिस ,डॉग स्वाइड व फॉरेंसिक टीम,क्राइम ब्रांच,एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला घटना स्थल पर पहुंचे,शव को डबरी से निकालने के बाद मृतक की पहचान गातापार निवासी सोनू पाल के रूप मे हुई है। मिली जानकारी अनुसार आरोपियो की पहचान हो गयी है लेकिन आधिकारिक रूप से पुलिस द्वारा नही बताया गया है लेकिन पता चला है कि 9 अक्टूबर की शाम को मृतक सोनू पाल आमनेर के 2-3 व्यक्तियो के साथ शराब पी रहा था तथा सुबह आमनेर मे उसी व्यक्ति का मृत पाया गया,अभनपुर पुलिस आमनेर निवासी अजय रात्रे,सुमीत बांधे को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है तथा पुलिस को पूरी शंका है कि यही व्यक्ति ही हत्या मे मुख्य आरोपी हो सकते है,देर शाम शव को परिजनो को सौप दिया गया है तथा आगे की विवेचना की जा रही है।

श्रद्धांजलि एवं शांति भोज



स्व. श्रीमती लक्ष्मी साहू
जन्म 03/12/1987, स्वर्गवास 03/10/2025

स्व. श्री लोकनाथ साहू
जन्म 26/11/1982, स्वर्गवास 03/10/2025

नम नयन एवं शोक संतप्त हृदय से आप सभी को सादर सूचित किया जाता है कि हमारे वरिष्ठ सहयोगी स्वर्गीय श्री लोकनाथ साहू जी एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती लक्ष्मी साहू जी का दशगात्र कार्यक्रम उनके निज ग्राम बम्हनी, जिला महासमुंद में दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया है।

स्व. साहू दंपत्ति का राजिम से गहरा आत्मीय संबंध रहा है तथा यहां उनका व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी संचालित था। उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु हम सभी शुभचिंतकों द्वारा शोक सभा एवं शांतिभोज का आयोजन किया गया है।

स्थान : कृषि उपज मंडी प्रांगण, राजिम
दिनांक : 12 अक्टूबर 2025, रविवार
समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

अतः आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें एवं श्रद्धासुमन अर्पित करें।

विनीत : समस्त मित्रगण साथी, राजिम

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नवापारा का मुक्तिधाम बना प्रेरणास्रोत, हाई कोर्ट के संज्ञान के बाद श्मशानों में होंगी बुनियादी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मरघट नाम सुनते ही अच्छे-अच्छो के रोंगटे खड़े हो जाते है। पसीना छुट जाता है। मरघट जाने से हर कोई बचना चाहता है परंतु मनुष्य किसी न किसी से जुड़ा हुआ होता है। चाहे वह परिवार का हो, समाज का हो अथवा मित्र का। काठी में जाना ही पड़ता है। अंतिम संस्कार में लोग जब पहुंचते है तो मन बहुत ही दुखी और विचलित रहता है। तरह-तरह की बाते मन में आती है। भय भी समा जाता है। लेकिन नवापारा का मरघट, मरघट न होकर मुक्तिधाम कहलाता है। यहां सभी प्रकार की सुविधाएं है। लकड़ी, पानी, बिजली बैठने की व्यवस्था, पंखा, लेट बाथ और शुद्ध हरियाली का वातावरण। ये वातावरण दूसरे शहरों या गांवों में शायद ही देखने को मिले। बहुत मेहनत से इस मरघट/मुक्तिधाम को यहां के समाजसेवियों ने न केवल व्यवस्थित किया है बल्कि संवारा भी है। अभी पिछले दिनो बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अंतिम संस्कार में शामिल होने



बिल्हा तहसील के रहंगी ग्राम पंचायत पहुंचे थे। वहां की गंदगी और अव्यवस्थाएं देखकर उन्होने इसका स्वतः संज्ञान लिया। इस मामले को पीआईएल मानकर सुनवाई की और शासन को सुधार के निर्देश दिए। चूंकि शौचालय, बैठने की व्यवस्था, शेड, बिजली, अप्रोच रोड जैसे बुनियादी सुविधाएं वहां नहीं दिखी। इसके बाद राज्य सरकार ने अब प्रदेश के मुक्तिधामों की बुनियादी जरूरतों की सुध ली है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक ये सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देशित किया है। जिसमें निकाय निधि एवं 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग किया जा सकता है।

## आधुनिकता और सुसंरचना का परिचायक

बता दें कि शहर के परमधाम समिति ने जनसहभागिता और सेवा-भाव की भावना लिए इस स्थल को स्वच्छता और सुंदरता का प्रतीक बना दिया है। यहाँ बिजली, पेयजल, शेड, शौचालय, स्नानागार, बैठक व्यवस्था और लकड़ी की समुचित उपलब्धता है। पूरे परिसर की नियमित सफाई, पक्का एप्रोच रोड, और भव्य काँच से सजे बैठक हॉल इसकी आधुनिकता और सुसंरचना का परिचायक हैं। चारों ओर फैली मजबूत बाउंड्रीवाल और हरियाली का संसार। जो किसी बाग की तरह शांत और पवित्र बनाया हुआ हैं। यहाँ बादाम, केला, सीताफल, जाम, आम, कटहल, इमली, करोंदा, गंगाइमली और जामुन जैसे फलदार और छायादार वृक्ष जीवन की हर ॠतु का प्रतीक बनकर खड़े हैं। वहीं पशु-पक्षियों के लिए चारे और दाने की व्यवस्था प्रतिदिन की जाती है। मानो परमधाम केवल मनुष्यों के लिए नहीं, बल्कि हर जीवो के लिए हो। इस स्थल की सबसे बड़ी विशेषता है यहां पुरुषों से अधिक महिलाओं की सहभागिता। वे पौधारोपण, सफाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यहां की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए एक चौकीदार परिवार सहित निवास करता है। खास बात यह है कि हर 15 अगस्त और 26 जनवरी को यहाँ ध्वजारोहण, सुंदरकांड पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते हैं, जो यह सिद्ध करता हैं कि यह स्थल सिर्फ शोक का नहीं, बल्कि संस्कार और सामाजिक एकता संगम भी है। मुक्तिधाम का बाकायदा ऑडिट नियमित रूप से होता है। अभी वर्तमान में समिति के बैंक खाते में लगभग 6 लाख रुपये की निधि सुरक्षित रखी गई है जो समाज के भरोसे और समर्पण का प्रतीक है।

## मुनेश और देवराज का संभाग स्तरीय क्रिकेट के लिए चयन

रसेला। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरूवामुड़ा के दो छात्र मुनेश नेताम और देवराज जगत का चयन रायपुर में होने वाले शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 14 वर्ष ड्यूज बाल क्रिकेट के लिए हुआ है।

















प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123